दिन– शुक्रवार दिनांक– 29 / 08 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 07.30 बजे से। अवधि– 15 मिनट

---

01. राज्य सरकार ने प्रत्येक परिवार की एक महिला को रोजगार शुरू करने के लिए दस हजार रुपये से लेकर दो लाख रुपये तक देने की घोषणा की।

02. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दरभंगा में राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ दिए गए आपत्तिजनक टिप्पणी की कड़ी आलोचना की।

03. निर्वाचन आयोग ने एसआईआर के तहत दावा–आपत्ति के दौरान आवश्यक दस्तावेज जमा नहीं कराने वाले तीन लाख से अधिक मतदाताओं को नोटिस भेजा।

04. और, राजगीर में आज से पुरूष एशिया हॉकी कप प्रतियोगिता शुरू। भारत ने पहले मुकाबले में चीन को चार–तीन से पराजित किया।

---

राज्य सरकार ने प्रत्येक परिवार की एक महिला को रोजगार शुरू करने के लिए दस हजार रुपये से लेकर दो लाख रुपये तक देने की घोषणा की है। इस आशय का फैसला आज राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में लिया गया। मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा ने बताया कि राज्य के प्रत्येक परिवार की एक महिला को अपनी पसंद का रोजगार शुरू करने के लिए वित्तीय सहायता दी जाएगी।

–––बाइट–––

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोशल मीडिया पोस्ट पर कहा कि इस योजना के लागू होने से न केवल महिलाओं की स्थिति मजबूत होगी बल्कि उन्हें राज्य के भीतर रोजगार के बेहतर अवसर मिलेंगे। उन्होंने कहा कि इस योजना से राज्य से पलायन रोकने में भी मदद मिलेगी।

---

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दरभंगा में राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां के लिए अपशब्द बोले जाने पर कड़ी आपत्ति जताई है। श्री शाह ने आज गुवाहाटी में एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि जब से नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने हैं तब से विपक्ष के नेता उनके खिलाफ अपशब्द का उपयोग कर

रहे हैं। उन्होंने कहा कि मोदी जी को गाली देने वाले कभी अपने प्रयास में सफल नहीं होंगे।

———बाइट———

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दरभंगा में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की मतदाता अधिकार यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ अभद्र भाषा के इस्तेमाल की कड़ी निंदा की है। श्री कुमार ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि विपक्ष की ओर से जिस तरह की अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया गया, वह बेहद अनुचित है और वह इसकी निंदा करते हैं। इधर, भाजपा के वरिष्ठ नेता और पटना साहिब के सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि प्रधानमंत्री के साथ उनकी स्वर्गवासी मां के खिलाफ आपत्तिजनक शब्द का उपयोग करने के लिए कांग्रेस पार्टी को माफी मांगनी चाहिए।

———बाइट———

इधर, कांग्रेस से वरिष्ठ नेता पवन खेड़ा ने आज गोपालगंज में कहा कि भाजपा वाले केवल वोटर अधिकार यात्रा से ध्यान भटकाने लिए मुद्दा उठा रहे हैं।

———बाइट———

वहीं, राजद के प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी ने आरोप लगाया कि भाजपा को आरोप लगाने से पहले अपने व्यवहार को सुधारना चाहिए। श्री तिवारी ने कहा कि जब राहुल गांधी की मां सोनिया गांधी को भाजपा वाले अपशब्द कहते हैं, तो पार्टी चुप क्यों रहती है।

———बाइट———

---

राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी मां को अपशब्द कहने का मामला गरमा गया है। आज भाजपा और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच इस मामले को लेकर पटना में जमकर हाथापाई और मारपीट हुई।

———हंगामा———

पथ निर्माण मंत्री और भाजपा नेता नितिन नवीन और दीघा के विधायक संजीव चौरसिया के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने विरोध मार्च निकाला था। कुर्जी अस्पताल के पास से निकला यह मार्च जैसे ही कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम के पास पहुंचा, दोनों पार्टी के कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए। बाद में पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले को शांत कराया। इस मामले पर नितिन नवीन ने कहा कि प्रधानमंत्री का अपमान किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

———बाइट———

इधर, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने आरोप लगाया कि भाजपा वालों की ओर से अचानक पार्टी मुख्यालय पर हमला किया गया। श्री राम ने कहा कि उनकी पार्टी अहिंसा और सत्य के रास्ते पर चलती रहेगी।

---बाइट---

---

बारहवीं पुरुष एशिया कप हॉकी प्रतियोगिता आज से राजगीर में शुरू हो गयी। भारतीय हॉकी के महानतम खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस और राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर यह प्रतियोगिता आयोजित की गयी है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दोपहर बाद इस प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन किया। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे संवाददाता--

---रिपोर्ट---

मैच जीतने के बाद भारतीय टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा कि इस प्रतियोगिता में कोई भी टीम कमजोर नहीं है। उन्होंने दावा किया की भारत इस टूर्नामेंट में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेगी।

---बाइट---

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पुरुष हॉकी एशिया कप में भाग ले रही सभी टीमों, खिलाड़ियों, अधिकारियों और समर्थकों को शुभकामनाएं दी हैं। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि भारत और एशिया के लाखों लोगों के दिलों में हॉकी का विशेष स्थान रहा है। प्रधानमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि यह टूर्नामेंट रोमांचक और यादगार पलों से भरपूर होगा जो खेल प्रेमियों की भावी पीढ़ी को प्रेरित करेगा। उन्होंने इस बात पर भी खुशी जताई कि बिहार पुरुष हॉकी एशिया कप की मेजबानी कर रहा है। श्री मोदी ने कहा कि हाल के दिनों में, बिहार ने जीवंत खेल केंद्र के रूप में अपनी पहचान बनाई है और खेलो इंडिया यूथ गेम्स, एशिया रग्बी चैम्पियनशिप, सेपकटाकरा विश्व कप और महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी जैसे प्रमुख टूर्नामेंटों की मेजबानी की है। उन्होंने कहा कि यह निरंतर गति बिहार के बढ़ते बुनियादी ढांचे, जमीनी स्तर के उत्साह और विविध खेल विषयों में प्रतिभाओं को पोषित करने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

---

बिहार पुलिस मुख्यालय ने कहा है कि किसी भी आतंकी के भारत में आने के साक्ष्य नहीं मिले हैं। विधि व्यवस्था के एडीजी पंकज दराद ने आज कहा कि पहले खुफिया इनपुट मिली थी कि तीन आतंकी भारत में घुसने की कोशिश में हैं। उन्होंने कहा कि इसी इनपुट के आधार पर सभी जिलों को अलर्ट पर रहने को कहा गया था।

–––बाइट–––

---

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण, एनआईए ने मुजफ्फरपुर में एके–सैंतालीस राइफल और गोला–बारूद ज़ब्ती मामले में एक प्रमुख आरोपी मंजूर खान उर्फ बाबू भाई को गिरफ्तार किया है। आरोपी को नागालैंड से बिहार में एके–सैंतालीस राइफलों सहित अत्याधुनिक हथियारों की तस्करी की साजिश रचने में कथित भूमिका के लिए गिरफ्तार किया गया है।

---

निर्वाचन आयोग ने विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत दावा–आपत्ति के दौरान आवश्यक कागजात जमा नहीं कराने वाले तीन लाख से अधिक मतदाताओं को नोटिस भेजा है। इसमें सबसे अधिक किशनगंज, अररिया, सहरसा, मधुबनी, पूर्णियां, कटिहार और पश्चिम चम्पारण जिले के मतदाता शामिल हैं। चुनाव आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार इनमें कई लोग बांग्लादेश और नेपाल के हैं। आयोग ने कहा है कि चिन्हित मतदाताओं को उनकी नागरिकता पहचान सुनिश्चित करने को कहा गया है। ऐसा नहीं करने पर उनके नाम मतदाता सूची से काट दिये जायेंगे। इधर, आयोग ने मतदाता सूची तैयारी की समीक्षा के लिए भारतीय प्रशासनिक सेवा के तीन अधिकारियों नजमुल होदा, अनुराधा पटनायक और भरत खेड़ा की पर्यवेक्षक के रूप में तैनाती की है। ये पर्यवेक्षक मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन के बाद दावा–आपत्ति की समीक्षा करेंगे।

---

मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य में मानसून की गतिविधियां कमजोर रहीं। राज्य के उत्तर–पूर्व भाग के कुछ स्थानों में हल्की से मध्यम स्तर की वर्षा दर्ज की गयी। विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान सीवान, सारण, गोपालगंज, पूर्वी और पश्चिमी चंपारण के अधिकांश स्थानों पर बारिश का पूर्वानुमान व्यक्त किया है।

–––बाइट–––

---

आकाशवाणी पटना के राजभाषा अनुभाग में कार्यरत सहायक निदेशक अनूप कुमार सिन्हा लगभग सैंतीस वर्षों की सरकारी सेवा के बाद आज सेवानिवृत हो गए। इस अवसर पर उनके सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। आकाशवाणी केंद्र, पटना के प्रमुख हेमंत डी. सिडाम सहित वरिष्ठ अधिकारियों और सहकर्मियों ने उनके कार्यो की सराहना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. राज्य सरकार ने प्रत्येक परिवार की एक महिला को रोजगार शुरू करने के लिए दस हजार रुपये से लेकर दो लाख रुपये तक देने की घोषणा की।

02. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दरभंगा में राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ दिए गए आपत्तिजनक टिप्पणी की कड़ी आलोचना की।

03. निर्वाचन आयोग ने एसआईआर के तहत दावा–आपत्ति के दौरान आवश्यक दस्तावेज जमा नहीं कराने वाले तीन लाख से अधिक मतदाताओं को नोटिस भेजा।

04. और, राजगीर में आज से पुरूष एशिया हॉकी कप प्रतियोगिता शुरू। भारत ने पहले मुकाबले में चीन को चार–तीन से पराजित किया।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।